भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.2102

31 जुलाई 2026 को उत्तर के लिए

भारतीय राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के लिए धनराशि

2102. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आईएनडीयू), गुरुग्राम की स्थापना के लिए धनराशि आवंटित की है और यदि हाँ, तो परियोजना के प्रारंभ से अब तक वर्ष-वार आवंटित, खर्च की गई तथा खर्च न की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त परियोजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और यदि हाँ, तो परियोजना की वर्तमान स्थिति तथा इसके पूरा होने की मूल एवं संशोधित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या परियोजना के पूरा होने में विलंब हुआ है और यदि हाँ, तो इसके कारण क्या हैं;

(घ) क्या सरकार द्वारा उक्त विलंब का रक्षा शिक्षा और सामरिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हाँ, तो इसके पूरा होने की संशोधित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ङ) भारतीय रक्षा विश्वविद्यालय की संकल्पना एक ऐसे उत्कृष्ट संस्थान की स्थापना करना है, जहां आधुनिक युद्धकला, हमारे पड़ोसी क्षेत्रीय परिवेश, अंतरिक्ष, समुद्र, साइबर एवं अन्य उभरती हुई चुनौतियों के क्षेत्रों का अध्ययन किया जा सके। इस संबंध में, प्रस्ताव को विकसित करने के लिए हितधारकों के परामर्श से एक दो-सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। भूमि अधिग्रहण, चहारदीवारी, परिधीय मार्ग, गारद कक्षों एवं निगरानी टावरों के निर्माण से संबंधित प्रारंभिक कार्य 176 करोड रुपए की लागत से पूरा किया जा चुका है। व्यावसायिक सैन्य शिक्षा, सामरिक अनुसंधान एवं क्षमता-निर्माण की आवश्यकताएं वर्तमान सेवा-प्रशिक्षण स्थापनाओं एवं त्रि-सेवा संस्थानों के माध्यम से पूरी हो रही हैं।

*****